E-Mail id: - eegraminbla@gmail.com

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),बलिया।

श्रीराम विहार कालोनी, बलिया

पत्रांक 1163 / जे0जे0एम0 / 321 दिनांक: 25/07/2025

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,

बलिया।

**विषयः— पेपर कटिंग दैनिक भास्कर समाचार पत्र में दिनांक 09.07.2026 को प्रकाशित खबर " नल जल योजना के बाद सड़क की मरम्मत नहीं इलाहाबाद बैंक रोड पर गड्ढो से हादसे सभासदो ने एस0डी0एम0 को सौना ज्ञापन " पर आख्या प्रेषण के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक भास्कर समाचार पत्र में दिनांक 09.07.2026 को प्रकाशित खबर **" नल जल योजना के बाद सड़क की मरम्मत नहीं इलाहाबाद बैंक रोड पर गड्ढो से हादसे सभासदो ने एस0डी0एम0 को सौना ज्ञापन "** के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि उक्त प्रकाशित खबर बांसडीह नगर पंचायत के अन्तर्गत इलाहाबाद बैंक रोड पर पाइप लाइन बिछाये जाने के उपरान्त सड़क मरम्मत न होने के कारण स्थानीय नागरिकों द्वारा जल जीवन मिशन के तहत कार्य किये जाने की बात उल्लेखित करते हुये नाराजगी व्यक्त की गयी है। इस सम्बन्ध में स्पष्ट करते हुये कि जल जीवन मिशन योजना अन्तर्गत पूर्णतः ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति के लिये संचालित है और बांसडीह नगर पाचायत में कराया जा रहा उक्त कार्य जल निगम ग्रामीण बलिया से सम्बन्धित नहीं है। स्थलीय सत्यापन के अनुसार नगर पंचायत बांसडीह में पाइप लाइन डालने का कार्य नगरीय क्षेत्र की योजना अमृत–2.0 बांसडीह नगरीय पेयजल योजना के तहत उ0प्र0 जल निगम(नगरीय), बलिया द्वारा कराया जा रहा है। उक्त समाचार पत्र में इस कार्य को जल जीवन मिशन से जोड़ कर प्रकाशित की गयी खबर पुरी तरह त्रुटिपूर्ण है।

अतः आपसे सादर अनुरोध है कि स्थिति का संज्ञान लेते हुये सम्बन्धित विभाग जल निगम(नगरीय), बलिया को नियमानुसार सड़क मरम्मत का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।

सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

भवदीय

(पी0के0वर्मा)

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

**प्रतिलिपिः—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—**

1. प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), 6—राणा प्रताप मार्ग, लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,नमामि गंगे तथा(ग्रामीण), जलापूर्ति विभाग, किसान बाजार, विभूति खण्ड गोमती नगर, लखनऊ।
3. मुख्य अभियंता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
4. जिला सूचना सम्पर्क अधिकारी, बलिया।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner